CHAUDHARY RANBIR SINGH UNIVERSITY JIND
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

Public Relations Office

Newspaper: Denik bhaskar **Date:27-08-2022**

स्कर 27-08-2022

जींद

सीआरएसयू में टीचिंग ब्लॉक-3 बनेगा, इनडोर स्टेडियम का प्रपोजल भी स्वीकृत

बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कमेटी की बैठक में लिया फैसला, प्रथम चरण में खर्च होंगे 30 करोड़

भास्कर न्यूज | जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने की। इस दौरान विश्वविद्यालय में बन रहे गेस्ट हाउस और लाइब्रेरी की प्रशासनिक अनुमति दी गई। विश्वविद्यालय का गेस्ट हाउस 18.45 करोड़ की राशि में बन रहा है इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी 56 करोड़ 36 लाख की एस्टीमेट कॉस्ट से बनाई जा रही है। इन दोनों भवनों के निर्माण के साथ-साथ इनके फर्नीचर का काम एनबीसीसी को दिया गया है। ताकि वह समय रहते इसकी प्लानिंग और परक्योरिंट प्रोसेस शुरू करें।

विश्वविद्यालय में बनने वाले सीनियर फैकल्टी फेस-2 के काम को स्वीकृति दी गई। इनमें 4 फ्लैट बनाए जाएंगे। इसके बाद इसमें ड्राइंग और इसका एस्टीमेट बना कर जमा किया जाएगा। विश्वविद्यालय के टीचिंग ब्लॉक 3 के कंस्ट्रक्शन पर चर्चा की गई, जिसमें जी-प्लस 5 (जी+5) के तहत बिल्डिंग बनेगी इसमें लॉ डिपार्टमेंट और होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और अन्य विभाग संचालित होंगे। इसके

सीआरएसयू में आयोजित बैठक को संबोधित करते वीसी रणपाल सिंह।

फेज वन में 30 करोड़ के लगभग लागत आएगी। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें सेंट्रलाइज्ड एसी, स्मार्ट क्लास रूम, लेक्चर हॉल, मल्टीपरपज हॉल, मूट कोर्ट लो विभाग के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के तहत कार्य पूर्ण होगा। इसमें हरियाणा बिल्डिंग कोड 2017 की गाइडलाइन का भी पालन किया जाएगा। यह बिल्डिंग ग्रीन बिल्डिंग के कांसेप्ट जोकि एनर्जी एफिशिएंट और एनर्जी सेविंग के तहत रहेगी। इसमें दिव्यांगजनों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। बैठक में विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए 28 फ्लैट बनाने के प्रपोजल को स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर प्रोफेसर लवलीन मोहन, डॉ. जसवीर सिंह स्टेट ऑफिसर, अशोक मोदी, टेक्निकल एडवाइजर, डॉ. नीरज सिंह फाइनेंस ऑफिसर, प्रभा शंकर चीफ इंजीनियर रिटायर्ड, इरीगेशन डिपार्टमेंट इंजीनियर, बचित्तर सिंह एसोसिएट यूनिवर्सिटी आर्किटेक्ट और एसडीओ ललित कुमार उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी ने गर्ल्स हॉस्टल की छत पर वाटर प्रूफिंग के काम के लिए भी स्वीकृति प्रदान की। इसकी अनुमानित लागत 23 लाख रुपए है। इसके साथ-साथ टेबल एजेंडे में टीचिंग ब्लॉक-2 में आए टीचिंग ऑफिस कार्यालयों में फर्नीचर के लिए एनबीसीसी को काम दिया गया है। यह सारे निर्माण कार्य भारत सरकार के उपक्रम एनबीसीसी (नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन) को दिए गए हैं। यह एजेंसी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड के तहत कार्य करती है और विश्वविद्यालय की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी है।

इनडोर स्टेडियम पर खर्च होंगे 26 करोड़ रुपए

विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी ने विश्वविद्यालय में बनने वाले इनडोर स्टेडियम के प्रपोजल को भी स्वीकृति दी। इसमें बास्केटबॉल, बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट प्रैक्टिस पिच, जिम्नास्टिक, बॉक्सिंग रिंग, जूडो कोर्ट इत्यादि गेस्ट हाउस और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा इसमें खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग और चेंजिंग रूम की सुविधा उपलब्ध होगा। गेस्ट और कोच के लिए अलग-अलग रूम बनाए जाएंगे। इसमें लिफ्ट और रैम का भी प्रावधान है। इसके लेआउट को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह लगभग 26 करोड़ रुपए में बनकर तैयार होगा। विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी ने बॉयज और गर्ल्स के स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाने की भी स्वीकृति दी है। इसके ड्राइंग और ऐस्टीमेट कॉस्ट जल्द ही जमा करा दी जाएगी।

CHAUDHARY RANBIR SINGH UNIVERSITY JIND
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 27-08-2022**

विवि में ला, होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के लिए बनेगा भवन

जागरण संवाददाता, जींद : चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कमेटी की बैठक वीसी डा. रणपाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विश्वविद्यालय में बन रहे गेस्ट हाउस और लाइब्रेरी प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई। विवि का गेस्ट हाउस 18.45 रुपये में बन रहा है। इसके साथ विवि लाइब्रेरी 56 करोड़ 36 लाख रुपये की एस्टीमेट राशि से बनाई जा रही है। इन भवनों के निर्माण के साथ-साथ इनके फर्नीचर का काम एनबीसीसी को दिया गया है। ताकि वह समय रहते हैं, इसकी योजना और समवर्ती प्रक्रिया शुरू करें।

विवि के टीचिंग ब्लाक-3 के कंस्ट्रक्शन पर चर्चा हुई। इसमें जी प्लस 5 के तहत बिल्डिंग बनेगी। इसमें ला डिपार्टमेंट और होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और अन्य विभाग संचालित होंगे। इसके प्रथम चरण में 30 करोड़ रुपये के लगभग लागत आएगी। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से रहित होगा। कमेटी ने विवि में बनने वाले इनडोर स्टेडियम के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी।

CHAUDHARY RANBIR SINGH UNIVERSITY JIND
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 27-08-2022**

पंजाब केसरी SAT,27 AUGUST 2022
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

सी.आर.एस.यू. में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कमेटी की बैठक आयोजित

जींद, 26 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कमेटी की बैठक हुई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वीसी डॉ. रणपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में बन रहे गेस्ट हाउस और लाइब्रेरी एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल प्रदान की गई। विश्वविद्यालय का गेस्ट हाऊस 18.45 करोड़ में बन रहा है। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय लाइब्रेरी 56 करोड़ 36 लाख की एस्टीमेट कॉस्ट से बनाई जा रही है।

इन दोनों भवनों के निर्माण के साथ-साथ इनके फर्नीचर का काम एन.बी.सी.सी. को दिया गया है ताकि वह समय रहते हैं इसकी प्लानिंग और परक्योरेंट प्रोसेस शुरू करें। विश्वविद्यालय में बनने वाले सीनियर फैकल्टी ऋएसीडेण्ट फेस 2 का काम को स्वीकृति दी गई। इनमें 4 फ्लैट बनाए जाएंगे। इसके बाद इसमें

सी.आर.एस.यू. में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कमेटी की बैठक में मौजूद वीसी और अन्य।

ड्राइंग और इसका एस्टीमेट बना कर जमा किया जाएगा। विश्वविद्यालय में स्वच्छ पानी मुहैया करवाने के लिए पब्लिक हैल्थ इंजीनियरिंग विभाग को 2000 स्क्वायर यार्ड भूमि लीज बेसिस पर उपलब्ध करवाएगी, जिससे विश्वविद्यालय को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

विश्वविद्यालय के टीचिंग ब्लॉक 3 के कंस्ट्रक्शन पर चर्चा हुई। इसमें जी प्लस 5 के तहत बिल्डिंग बनेगी। इसमें लॉ डिपार्टमेंट और होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और अन्य विभाग संचालित होंगे। इसके फेस वन में 30 करोड़ के लगभग लागत आएगी। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से रहित होगा। इसमें सैंट्रलाइज्ड एसी, स्मार्ट क्लास रूम, लेक्चर हॉल, मल्टीपरपज हॉल, मूट कोर्ट लो विभाग के लिए बार काऊंसिल ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के तहत कार्य पूर्ण होगा।

इसमें हरियाणा बिल्डिंग कोड 2017 की गाइडलाइन का भी पालन किया जाएगा। यह बिल्डिंग ग्रीन बिल्डिंग के कांसेप्ट जोकि एनर्जी एफिशिएंट और एनर्जी सेविंग के तहत रहेगी इसमें दिव्यांग जनों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी ने विश्वविद्यालय में बनने वाले इनडोर स्टेडियम के प्रपोजल को भी स्वीकृति दी। इसमें बास्केटबॉल बैडमिंटन कोर्ट क्रिकेट प्रैक्टिस पिच जिमनास्टिक बॉक्सिंग रिंग जूडो कोर्ट आदि गेस्ट हाउस और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

इसमें खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग और चेंजिंग रूम की सुविधा उपलब्ध होगी गेस्ट और कोचिज के लिए अलग-अलग रूम बनाए जाएंगे। इसमें लिफ्ट और रैम का भी प्रावधान है। इसके लेआउट को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह लगभग 26 करोड़ रुपए में बनकर तैयार होगा। विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी ने बॉयज और गर्ल्स के स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाने की भी स्वीकृति दी है। इसके ड्राइंग और ऐस्टीमेट कॉस्ट जल्द ही जमा करा दी जाएगी।

विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए 28 फ्लैट बनाने के प्रपोजल को स्वीकृति प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी ने गर्ल्स होस्टल की छत पर वाटर प्रूफिंग के काम के लिए भी स्वीकृति प्रदान की। इसकी अनुमानित लागत 2300000 है। इसके साथ-साथ टेबल एजेंडे में टीचिंग ब्लॉक 2 में आए टीचिंग ऑफिस कार्यालयों में फर्नीचर के लिए एन.बी.सी.सी. को काम दिया गया है।

यह सारे निर्माण कार्य भारत सरकार के उपक्रम एन.बी.सी.सी. नैशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन जोकि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड के तहत कार्य करती है और विश्वविद्यालय की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी है, को दिए गए हैं ताकि सारे काम समय पर पूर्ण हो सके। बैठक में रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन, डॉ. जसवीर सिंह, अशोक मोदी, डॉ. नीरज कुमार, प्रभा शंकर, ललित कुमार आदि शामिल हुए।

Public Relations Office

Newspaper: Hari bhoomi **Date27-08-2022**

सीआरएसयू में 26 करोड़ से बनेगा इंडोर स्टेडियम

■ लॉ, होटल एंड टूरि'म मैनेजमेंट के लिए बनेगा भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कमेटी की बैठक कुलपति डा. रणपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय में बन रहे गेस्ट हाउस और लाइब्रेरी प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई। विश्वविद्यालय का गेस्ट हाउस 18.45 रुपये में बन रहा है। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय लाइब्रेरी 56 करोड़ 36 लाख रुपये की अस्टीमेट राशि से बनाई जा रही है। इन दोनों भवनों के निर्माण के साथ-साथ इनके फर्नीचर का काम एनबीसीसी को दिया गया है ताकि वह समय रहते हैंए इसकी योजना और समवर्ती प्रक्त्रिया शुरू करें। विश्वविद्यालय में बनने वाले सीनियर फैकल्टी के आवास के दूसरे चरण के काम को स्वीकृति दी गई। इनमें फ्लैट बनाए जाएंगे। इसके बाद इसमें ड्राइंग और इसका अस्टीमेट बना कर जमा किया जाएगा। विश्वविद्यालय में स्वच्छ पानी मुहैया करवाने के लिए जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग को दो हजार स्क्वायर यार्ड भूमि लीज पर उपलब्ध करवाएंगे जिससे विश्वविद्यालय को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।